

## एक नजर में

### पुरानी रंजिश पर मारपीट

**श्योपुर, 14 फरवरी।** थाना विजयपुर मारपीट फरि. मुरारी पुत्र परमाल कुशवाह उम्र 58 साल नि. प्रहलादपुरा थाना विजयपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 06.01.26 के 16.00 से 16.05 बजे स्थान फरि. का नायरा पैट्रोल पंप वाला खेत आरोपीगण, रामदीन पुत्र पुन्ना, शिवराज पुत्र पुन्ना, गिरजा पत्नी शिवराज जातिगण कुशवाह नि. गण सदर को पुरानी रंजिश पर से मारपीट की गालियां दी अदैम चौक पर से कायमी की गयी। दि. 12.02.26 के 19.43 बजे अप. क्र. 54/26 धारा 115 (2),352,117(2),3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### पाईप गाड़ने की बात पर मारपीट

**श्योपुर, 14 फरवरी।**
थाना बडौदा मारपीट फरि. गोविन्द पुत्र माणिकचन्द्र जंगम उम्र 27 साल नि. वार्ड क्र. 08 बडौदा ने रिपोर्ट की कि दि. 12.02.26 के 12.00 बज स्थान चंद्रसागर मेला ग्राउण्ड बडौदा आरोपीगण, विशाल सुमन, धर्म सुमन, रामभरत सुमन नि. बडौदा ने फरि. को मेला ग्राउण्ड में दुकान लगाने के लिये पाईप गाडने की बात पर से मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 12.02.26 के 14.33 बजे अप. क्र. 28/26 धारा 115 (2), 296 (ए),351(2),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया ळें

### बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मारी

**श्योपुर, 14 फरवरी।**
थाना बडौदा सडक दुर्घटना फरि रामविनोद पुत्र कल्लाराम मीणा उम्र 38 साल नि. प्रेमपुरा थाना बडौदा ने रिपोर्ट की कि दि. 12.02.26 के 15.00 बजे स्थान जितेन्द्र मीणा के घर ने पास ग्राम प्रेमपुरा आरोपी पवन बैरवा नि. सदर ने अपनी मो.सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. के लड़के में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई। दि. 12.02.26 के 17.06 बजे अप. क्र. 30/26 धारा 281,125ए बीएनएस कायम कर लिया है।

### रास्ते में ट्रैक्टर रखेने की बात पर मारपीट

**श्योपुर, 14 फरवरी।**
थाना देहात मारपीट फरि. महावीर पुत्र बजरंगलाल मीणा उम्र 48 साल नि. सोठवा थाना देहात ने रिपोर्ट की कि दि. 12.02.26 के 13.30 बजे स्थान फरि. का रन्नौद रोड वाला खेत ग्राम सोठवा आरोपीगण, रामप्रसाद मीणा, अनीता मीणा नि.गण सदर फरि को रास्ते में ट्रैक्टर रखेने की बात पर से मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 12.02.26 के 17.19 बजे अप. क्र. 32/26 धारा 115 (2),296 (ए),351(2),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### बच्चो को डाटने की बात पर मारपीट

**श्योपुर, 14 फरवरी।**
थाना कोतवाली दि. 13.02.26 के 19.00 बजे तक मारपीट फरि बतिया बाई पत्नी मेघलाल जाटव उम्र 40 साल नि. क्रेशर कॉलोनी श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि. 20.01.26 के 08.00 बजे स्थान क्रेशर कॉलोनी श्यो. पर आरोपी ज्योति जाटव पत्नी मोतीलाल जाटव नि. सदर ने बच्चो को डाटने की बात पर फरिया की मारपीट की गाली गलौच की एक्सरा रिपोर्ट पर से कायमी की गई दि. 13.02.26 के 11.40 बजे अप. क्र. '39/26 धारा 117(2),115(2),352 बीएनएस कायम कर लिया है।

### पुराने विवाद पर झगड़ा

**श्योपुर, 14 फरवरी।**
थाना ढोढर मारपीट फरि. कुसुम पत्नी रामबाबू उर्फभबोता जाटव उम्र 36 साल नि. ग्राम अरोदरी थाना ढोढर ने रिपोर्ट की कि दि. 12.02.26 के 20.00 बजे स्थान आरोपी राम स्वरूप का घर ग्राम अरोदरी पर आरोपीगण, रामस्वरूप जाटव, कमल जाटव नि. गण. अरोदरी थाना ढोढर ने पुराने विवाद के ऊपर से मां बहन की गंदी गंदी गालियां दी और मारपीट कर चोट पहुंचाई, जान से मारने की धमकी दी एवं फरियां के पति को कमरे में बंद कर दिया। दि. 13.02.26 के 13.50 बजे अप. क्र. 11/26 धारा 115(2), 296ए, 351 (3),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### बहन को घर पर लेने आने की बात को लेकर मारपीट

**श्योपुर, 14 फरवरी।**
थाना देहात मारपीट फरि. भोला उर्फतारिफपुत्र निशार खान उम्र 28 साल नि. ज्वालापुर ने रिपोर्ट की कि दि. 13.02.26 के 15.30 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर पर आरोपी इख्तार खान नि. गांधीनगर वार्ड क्र. 13 श्यो. ने फरि की बहन को घर पर लेने आने की बात को लेकर मां- बहन की गंदी - गंदी गालियां देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। दि. 13.02.26 के 20.13 बजे अप. क्र. 34/26 धारा 115(2),296 (ए),35192) बीएनएस कायम कर लिया है।

### ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी

**श्योपुर, 14 फरवरी।**
थाना अगरा सड़क दुर्घटना फरि अनार सिंह पुत्र सिया आदि. उम्र 18 साल नि. पिपरवास थाना अगरा ने रिपोर्ट की दि. 13.02.26 के 13.30 से 13.35 बजे स्थान जांमरे की पुलिया के आगे मैन रोड़ विजयपुर पर आरोपी अज्ञात स्वराज ट्रेक्टर का चालक ने अपने ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि की मो.सा. में टक्कर मार दी जिससे चोटे आयी व उसके भतीजे के सिर में चोटे आई। दि. 13.02.26 के 16.38 बजे अप. क्र. 05/26 धारा 281, 125ए बीएनएस कायम कर लिया है।

# माता-पिता तथा वृद्धजनों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कर्म नहीं



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 14 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा विजयपुर के माध्यम से गौरवपूर्ण वृद्धावस्था सम्मानित जीवन अभियान संचालित किया जा रहा है। गौरवपूर्ण वृद्धावस्था व सम्मानित जीवन अभियान आज शनिवार को लाडपुरा हुल्लपुर तथा दूल्हा वाला गांवो में पहुंचा।

अभियान प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि बहन ने हल्लपुर में आंगनबाड़ी की माता बहनों तथा विद्यालय के बच्चों व ग्रामीणों को अभियान के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहां की माता-पिता की सेवा तथा वृद्धजनों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं होता है इसलिए अगर हम हमारे जीवन को भाग्यशाली बनाना चाहते हैं तो परिवार में माता-पिता तथा वृद्ध जनों की की दिल से सेवा करें, क्योंकि माता-पिता तथा वृद्ध जनों की सेवा से बड़ा कोई तीर्थ नहीं होता है। इसी तरह दूल्हा वाला गांव में, आमजन तथा युवाओं को समाज सेवा प्रभाग के एडवोकेट बीके चंद्र प्रकाश भाई ने नशा मुक्त जीवन के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए, क्योंकि नशा तन मन धन की बर्बादी करता है तथा नशा नहीं करने को लेकर प्रतिज्ञा भी कराई गई, ग्रामीणों ने अभियान यात्रियों द्वारा दी जाने वाली सेवा की सराहना की तथा नियमित रूप से गांव में आकर इस तरह के आध्यात्मिक प्रवचन करने का निमंत्रण भी दिया, बीके सुभाष भाई द्वारा नशा मुक्त जीवन के पंपलेट ग्रामीणों को वितरित किये गये।

## जेंडर क्लब का प्रशिक्षण एवं सहजीकरण कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,14 फरवरी।** पीजी कॉलेज श्योपुर में नोडल प्रोफेसर्स जेंडर क्लब का प्रशिक्षण एवं सहजीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला बाल विकास रिशु सुमन ने जेंडर क्लब की अवधारणा पर कहा कि समाज में महिला पुरुष समानता लाने के लिए जेंडर को समझना जरूरी है। जेंडर को समझ कर हम अपने परिवार और समाज को समता आधारित समाज में बदल सकते हैं जहां सभी को आगे बढ़ाने के समान अवसर प्राप्त होंगे। सकारात्मक मर्दानगी पर समझ बढ़ानी होगी।

कार्यक्रम के अध्यक्ष और प्राचार्य पीजी कॉलेज डॉ ओपी शर्मा ने कहा कि कागजी नहीं व्यवहार में महिलाओं को अधिकार मिलना चाहिए ताकि निर्णय प्रक्रिया में वह अपना योगदान दे पाए। महिला पुरुष एक दूसरे के दुश्मन नहीं बल्कि एक इकाई के रूप में एक दूसरे के पूरक है। दोनों की समान गति ही परिवार व समाज को अच्छी दिशा में ले जाती है। डॉ ओपी शर्मा ने युवाओं का आह्वान किया कि युवा जो एनएसएस और एनसीसी जैसे मंचों से नहीं जुड़ पाए हैं उनके लिए जेंडर क्लब जैसा नया मंच तैयार है, जिससे जुडकर वे अपना व्यक्तित्व विकास कर सकते है।

मुख्य प्रशिक्षक और डीपीएम ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड लल्लन प्रसाद गौड ने जेंडर क्लब के कार्य, सदस्यता ,नोडल शिक्षकों की नियुक्ति, नोडल शिक्षकों के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व वार्षिक कैलेंडर आदि पर प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होने बताया कि महिला पुरुष में प्रकृति ने भेद बनाया है उसे लिंग कहते हैं और महिला पुरुष के बीच, समाज जो भेदभाव करता है उसे जेंडर या सामाजिक लिंग कहते हैं। बालिकाओं के साथ गर्भ से ही भेदभाव शुरू होकर खिलौनों, खेल, पढ़ाई, बाहर निकलने, पद पर पहुंचने पर भी अधिकार से वंचित किया जाता रहा है। इस प्रकार का भेदभाव हमारी आम मान्यताओं में झलकता है। जो महिला के संबंध में प्राय: नकारात्मक है। नारीवाद समता और समानता की एक ऐसी सोच है जो सामाजिक लिंग भेदभाव का विरोध करती है और ऐसे समाज की कल्पना करती है, जिसमें काम, गुण, जिम्मेदारियां, व्यवहार और हुनर किसी लिंग के आधार पर थोपे न जाएं। कार्यक्रम में महिला पुरुष के संबंध में व्याप्त मिथक और तथ्य को भी समझा गया। कार्यक्रम में जिम्मेदार पितृत्व और सकारात्मक मर्दानगी पर भी समझ विकसित की गई। कार्यक्रम में चिन्हित पांच विश्वविद्यालयओ के 8 व्याख्याताओं सहित पीजी कॉलेज के जेंडर क्लब के सदस्य और छात्र उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में पीपीटी, वीडियो और सवाल पूछने की विधियों का उचित उपयोग किया गया। इस अवसर पर जेंडर प्रशिक्षण मॉड्यूल अग्रणी का विमोचन भी किया गया। जेंडर क्लब सदस्यों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ टीशर्ट भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सहायक प्राध्यापक श्रीमती ज्योत्सना मेघवाल द्वारा समन्वय किया गया।

## अश्लील वीडियो वायरल करने वाले 05 व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 फरवरी।** पीड़िता निवासी श्योपुर द्वारा थाना कोतवाली पर लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट की कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके चेहरे का उपयोग कर एआई के माध्यम से एक अश्लील वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया है जिससे उसकी छवि धूमिल हुई है एवं मानसिक रूप से आघात पहुँचा है। उक्त रिपोर्ट से तत्काल थाना कोतवाली मे अपराध कमांक 33/26 धारा 67-ए आईटी एक्ट 79 बीएनएस के अन्तर्गत अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौराने विवेचना उक्त विडियो को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने वाले 5 आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। थाना कोतवाली पुलिस के साथ- साथ सायबर सेल द्वारा इस मामले में विडियो वायरल करने वाले व्यक्तियों के संबंध में जानकारी एकत्रित की जा रही है प्राप्त अन्य जानकारी के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अपराध वर्तमान मे विवेचनाधीन है। 67-ए आईटी एक्ट जो कोई भी इलेक्ट्रॉनिक रूप में ऐसी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित करता है या करवाता है जिसमें यौन रूप से स्पष्ट कृत्य या आचरण (अश्लील सामाग्री) शामिल हो, उसे पहली बार दोषी पाए जाने पर पांच वर्ष तक की कारावास और दस लाख रुपये तक के जुर्माने से दंडित किया जाएगा, और दूसरी या उसके बाद की बार दोषी पाए जाने पर सात वर्ष तक की कारावास और दस लाख रुपये तक के जुर्माने से दंडित किया जाएगा।



## विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 फरवरी।** आयुष विभाग द्वारा शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय प्रेमसर द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय गांधीनगर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ चित्रलेखा अग्रवाल एवं श्रीमती हीरा बेटी द्वारा 28 महिला एवं 19 पुरूष सहित 47 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। योग परामर्श दिया गया। हितग्राहियों को आहार विहार दिनचर्या ऋतुचर्या योग आदि के बारे में बताया गया।

### परीक्षाओं में सम्मिलित हुए 749 परीक्षार्थी

**श्योपुर।** बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित है। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि जारी बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में आज हाईस्कूल कक्षा 10 की परीक्षा में 749 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। बोर्ड द्वारा निर्धारित टाईम टेबिल के अनुसार आज जिले के 20 परीक्षा सेंटरों पर हाईस्कूल बोर्ड के 6 विषयों की परीक्षाएं संपन्न हुई, जिसमें दर्ज 757 परीक्षार्थियों में से 749 ने परीक्षा दी, 08 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

## जिला चिकित्सालय में विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 फरवरी।** एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों का जिला चिकित्सालय में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न विभागों की भूमिका से परिचित कराना था।

विद्यार्थियों ने वनस्टॉप सेंटर का अवलोकन किया, जहाँ महिलाओं एवं बालिकाओं को हिंसा की स्थिति में चिकित्सा, कानूनी एवं परामर्श सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी विभाग में शारीरिक पुनर्वास एवं व्यायाम आधारित उपचार की प्रक्रिया समझाई गई, जबकि एनआरसी में बच्चों के उपचार एवं पोषण प्रबंधन की जानकारी दी गई।

ब्लड बैंक में रक्त संग्रहण एवं सुरक्षित भंडारण प्रणाली का अवलोकन कराया गया। उमंग स्वास्थ्य केंद्र में किशोर-किशोरियों को मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु प्रदान की जाने वाली काउंसलिंग सेवाओं के बारे में बताया गया। साथ ही ऑक्सीजन प्लांट की कार्यप्रणाली समझाई गई। अंत में विद्यार्थियों को दीनदयाल रसोई योजना के माध्यम से जरूरतमंदों को 5 रूपये शुल्क में उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की जानकारी दी गई। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. आर.बी. गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में अनुशासन, संवेदनशीलता एवं सेवा भाव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने तथा भविष्य में स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, समाजसेवी बिहारी सोलंकी, मेंटर विवेक परिहार, विप्लव शर्मा लक्ष्मण सिन्धे, सुर्मिन्दर कौर एवं सत्यभामा मीणा उपस्थित रहे। जिला अस्पताल स्टाफ में फिजियोथेरेपी विभाग से डॉ. रेखा करोची, वन स्टॉप सेंटर टीम, ऑक्सीजन प्लांट टेक्नीशियन रिंकू प्रजापति, ब्लड बैंक से श्रीमती मीरा तथा एनआरसी से निशा परोची, मोनू सेन एवं तब्बसुम बानो का विशेष सहयोग रहा।



## बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्रों ने की नर्सरी की विजिट

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़,14 फरवरी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू कोर्स के माध्यम से नेतृत्व क्षमता का गुण विकसित करने हेतु जिला समन्वयक के मार्गदर्शन एवं विकासखण्ड समन्वयक के नेतृत्व में छात्र एवं छात्राओं को लगातार शासकीय विभागों एवं उनकी कार्यप्रणाली तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराने हेतु विजिट कराई जाती है इसी क्रम में आज शनिवार को सबलगढ़ विकासखण्ड के बकसपुर में नर्सरी की विजिट कराई गई जिसमें नर्सरी प्रभारी सूरज पटेल और नर्सरी एक्सपर्ट अयोध्या सिंह राजावत द्वारा बीजों के माध्यम से नर्सरी में तैयार किए जा रहे विभिन्न प्रकार के पौधों एवं पौधौं की कलमों के द्वारा तैयार होने वाले पौधों ग्राफ्टिंग (दो अलग-अलग पौधों से एक पौधा तैयार करना) साथ ही किस मौसम में कौन से पौधों को तैयार करना चाहिए और कौन से पौधों में फल या फूल आने में कितना समय लगता है पौधों का रख-रखाव किस तरह करना चाहिए आदि तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं नर्सरी स्टाफ ने पूर्ण सहयोग किया और छात्रों के सवालों का तर्क सहित जवाब दिया और उनकी जिज्ञासा का समाधान किया इस मौके पर विकासखण्ड समन्वयक वंदना सगर नवांकुर संस्थाएं अन्नपूर्णा देवी एवं बाबू बाबा से प्रभारी क्रमश: शशिकांत मरैया धर्मेन्द्र राठौर परामर्शदाता मुकेश जाटव वर्षा जादौन धीरज जादौन ओमवती जाटव प्रियंका शाक्य के सेक्टर प्रभारी सभी मेंटर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बहू माइके से लाने की बातचीत को लेकर मारपीट

**श्योपुर, 14 फरवरी।** थाना देहात मारपीट फरि. इख्तार पुत्र इमामबक्स खान उम्र 54 साल नि. गांधी नगर मस्जिद के पास वार्ड क्र. 13 श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि. 13.02.26 के 15.30 बजे स्थान आरोपी के घर के बाहर ग्राम ज्वालापुर पर आरोपीगण , इंसार बाबा खान, भोला खान, आमिर, आरिफखान नि. गण. ज्वालापुर ने फरि. अपनी बहू माइके से लाने की बातचीत को लेकर मां बहन की गंदी गंदी गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। दि. 13.02.26 के 18.56 बजे अप. क्र. 33/26 धारा 115 (2), 3(5), 296 (ए),351 (2) बीएनएस कायम कर लिया है।

### 12 ली. कच्ची शराब जप्त

**श्योपुर।** थाना आवदा 12 ली. हा.भ. की ग्राम 46 साल नि. ग्राम बुखारी हॉल बनी कच्ची शराब पकड़ी आरोपी रूपाबाई पत्नी मुन्ना बंजारा उम्र 46 साल नि. मूंजरी थाना आवदा को दि. 13.02.26 के 14.14 से 14.27 बजे स्थान आरोपियो की बनी टपरिया ग्राम मूंजरी के कब्जे से हा. भ. की बनी कच्ची शराब 12 ली. कीमती 1200/- रू. की जप्त की। दि. 13.02.26 के 20.04 बजे अप. क्र. 16/26 धारा 34 आब एक्ट कायम कर लिया है।



## बाल स्वरूप हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ भंडारे का आयोजन किया

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़,14 फरवरी।** जनपद पंचायत प्रांगड़ में बाल स्वरूप हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें करीब दो हजार के करीब लोगों ने सहभागिता की

जनपद पंचायत प्रांगड़ में तीन दिवसीय बाल स्वरूप हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया था जिसमें प्रथम दिन मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई उसके बाद आचार्य कृष्ण कांत शर्मा उर्फ़ मोंटू गुरु द्वारा विधान अनुसार से बाल स्वरूप हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई दूसरे दिन विशेष हवन ओर यज्ञ आहुतियां दी गई तीसरे दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें विधायक सरला बृजेंद्र रावत एस डी एम मेघा तिवारी सी ई ओ ललित चौधरी पंचायतो के सरपंच सचिव रोजगार सहायक पत्रकार जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे जनपद पंचायत के मनरेगा प्रभारी किशन बालोठिया ने बताया कि जनपद पंचायत प्रांगड़ में बाल स्वरूप हनुमान जी का प्राचीन मंदिर स्थापित था सभी के सहयोग से हनुमान मंदिर को दुबारा बनवाया गया ओर फिर से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई सभी श्रद्धालुओं का जनपद पंचायत के लेखपाल रमेश यादव द्वारा पट्टिका से सम्मान किया गया।

## 18 क्वार्टर देशी शराब बेचते पकड़ा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 फरवरी।** थाना कोतवाली 16 क्वा. देशी प्लेन शराब पकड़ी आरोपी विनोद पुत्र नाथूलाल आर्य उम्र 32 साल नि. गांधीनगर श्यो. को दि. 13.02.26 के 15.55 बजे स्थान आरोपी की घर गांधी नगर श्यो. द्वारा अवैध रूप से देशी प्लेन 16 क्वा. व 2क्वा. लाल मशाला कुल 18 क्वा. कीमती 2000/- रू. बेचते पकड़ा। दि. 13.02.26 के 17.29 बजे अप. क्र. 40/26 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया है।

### सट्टा पर्ची व पेन जप्त की

**श्योपुर, 14 फ रवरी।** थाना कोतवाली सटोरिया पकड़े आरोपी काडू पुत्र भैरू लाल बैरवा उम्र 28 साल नि. जैदा को दि. 13.02.26 के 16.45 बजे स्थान हजारेश्वर मेला ग्राउण्ड परिसर पर 1 रु. के बदले 80 रू. का प्रलोभन देकर सट्टा पर्ची ले रहा था कब्जे से 590/- रू. 1 सट्टा पर्ची व पेन जप्त की। दि. 13.02.26 के 17.49 बजे अप. क्र. 4126 धारा 4 क सट्टा एक्ट कायम कर लिया है।